卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 138 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦26 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सैकड़ों ट्रेक्टरों के साथ हाईवे पर गरजे किसान





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विभिन्न मांगों को लेकर तराई किसान संगठन के बैनर तले सैकड़ों ट्रेक्टरों के साथ भारी संख्या में किसानों ने बिलासपुर हाईवे पर बंगाली कालोनी मोड़ पर एक रिसोर्ट के सामने जोरदार प्रदर्शन के साथ धरना दिया।धरना सभा पर आयेजित सभा को सम्बोधित करते हुए तराई किसान संगठन के अध्यक्ष तजेन्दर सिंह विर्क ने कहा कि किसान संयुक्त संघर्ष समिति की चंडीगढ़ में आयोजित हुइ बैठक में निर्णय लिया गया था कि 26 फरवरी को सम्पूर्ण देश में किसान दिल्ली जाने वाले सभी मार्गो पर ट्रेक्टरों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे। किसानों की मांगों को उठाते हुए उन्होंने कहा कि आबूधाबी में हो रही बैठक में भारत विश्व व्यापार संगठन से बाहर हो, न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून लागू किया जाये, किसान आन्दोलन के दौरान पुलिस की गोली से मारे गये किसान को उचित मुआवजा दिया जाये और मामले के दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों की मांगें मंजूर नहीं की जाती हैं किसान अपना आन्दोलन जारी रखेंगे। मुख्य मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में ट्रेक्टरों के खड़ा हो जाने से यातायात काफी देर तक प्रभावित रहा। इस दौरान वन वे यातायात जारी रखा गया। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। धरना प्रदर्शन करने वालों में इकबाल सिंह, गुरजीत सिंह, (शेष पृष्ठ सात पर)

## राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट सत्र शुरू

देहरादून (उद संवाददाता)।विधानसभा का बजट सत्र राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया। राज्यपाल ने अभिभाषण में सरकार के वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ व सशक्त राज्य बनाने का रोडमैप रखा। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखंड परिकल्पना नहीं विश्वास है। प्रदेश की तरक्की में अहम योगदान देने वालों का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कई उपलब्धि हासिल हुई है। हमारा प्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की कड़ी में सशक्त उत्तराखंड / 2025 से कई आयाम हासिल किए गए।



राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड विधानसभा ने राज्य के सभी नागरिकों को समान अधिकार देने वाली समान नागरिक संहिता को पास करके देश का पहला राज्य बना दिया है। अब सभी धर्म-समुदायों की महिलाओं को समान अधिकार दिए गए। पहले दिन अभिभाषण के अलावा अन्य कोई विधायी कार्य नहीं हुए। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। भोजनावकाश के बाद तीन बजे से फिर से सदन शुरू हुआ। विधायकों की ओर से 300 से अधिक प्रश्न मिले हैं। सदन में सरकार कल 27 फरवरी को बजट पेश करेगी। 28 को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लाया जाएगा। 29 को (शेष पृष्ठ सात पर)

## काशीपुर जंक्शन पर अत्याधुनिक सुविधाओं का शिलान्यास

### पीएम मोदी ने वर्चुअली किया शिलान्यास, आठ करोड़ की लागत से स्टेशन का होगा कायाकल्प



काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल की आगामी 50 वर्ष की आवश्यकताओं को दृष्टिगत करते हुए विश्व स्तरीय यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिहाज से देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड/ओवर ब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास/उद्घाटन करते हुए राष्ट्र को समर्पित किया। विकसित भारत की दिशा में मोदी सरकार का यह बड़ा कदम माना जा रहा है। इसी के तहत काशीपुर जंक्शन पर भी सुधारीकरण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, वरिष्ठ भाजपा नेता राम मेहरोत्रा व दीपक बाली आदि मुख्य रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ विधिवत किया गया। आकर्षक वेशभूषा में सजे बच्चों ने कुमाऊनी गीतों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से पीएम मोदी के संदेश को सुनने व देखने के लिए रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर बने भव्य पंडाल में लगी स्क्रीन को देखने के लिए भारी भीड़ जुटी। लगभग 8 करोड़ से भी अधिक की लागत से अत्याधुनिक (शेष पृष्ठ 7 पर)

## गुलदार ने दस वर्षीय बालक को बनाया निवाला

देहरादून(उद संवाददाता)। गलज्वाड़ी के पास जंगल में स्थित गुज्जर



बस्ती में देर रात गुलदार ने 10 साल के बालक को निवाला बना लिया। बच्चे के माता-पिता ने बच्चे को गुलदार के मुंह से छुड़ाने की तमाम कोशिश की, लेकिन तब तक बच्चे ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत है। पुलिस और वन विभाग की टीम गश्त में जुटी हैं। बच्चे के शव को ले जाने को ले कर बस्तीवासियों ने देर रात जमकर हंगामा किया। रविवार रात मडारी गांव की गुज्जर बस्ती में 10 साल का रियासत घर के पास ही लघुशंका करने गया था। जहां झाड़ियों में घात लगाकर बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। चीखने पर बच्चे के पिता मीरहमजा अन्य लोगों के साथ बाहर आए (शेष पृष्ठ सात पर)

### हमला करने आये गुलदार से भिड़ी महिला

रुद्रप्रयाग। जखोली विकासखंड की दूरस्थ ग्राम सभा मखेत की एक महिला पर गुलदार ने उस समय हमला कर दिया जब वह घास लेने जंगल गई हुई थी। गुलदार ने जैसे ही महिला पर हमला किया तो उसने हिम्मत दिखाते हुए गुलदार का सामना किया और एक के बाद एक दरांती से गुलदार पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद गुलदार भाग खड़ा हुआ। घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली में भर्ती कराया है। विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत मखेत की दीपा देवी पत्नी अषाड़ सिंह रावत गांव के पास ही जंगल में घास लेने गई हुई थी। इस बीच झाड़ी में घात (शेष पृष्ठ सात पर)

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से महिला की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।काठगोदाम थाना क्षेत्र में रेलवे फाटक के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से महिला की मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थाना क्षेत्र के शीशमहल स्थित रेलवे फाटक निवासी साहब सिंह ने बताया कि वह रेलवे के आईडब्ल्यूएस विभाग में चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी बेटी 28 वर्षीय ज्योति की शादी यूपी के बदायूं जिले के उझानी से की थी। वर्तमान में ज्योति अपने मायके में रह रही थी। पुलिस से मुताबिक रविवार की रात ज्योति अपने पिता को काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर खाने का टिफिन देने गई थी। वहां से लौटकर जब घर पहुंची तो उसके पांच साल के बेटे ने बिस्किट और दूध की जिद करनी शुरू कर दी। ज्योति बच्चे को घर छोड़कर दुकान पर दूध लेने चली गई। इसी समय तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि ज्योति का बायां हाथ शरीर से अलग हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को तुरंत एसटीएच भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। काठगोदाम पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## प्रेम प्रसंग के चलते हुई शबाना की हत्या

### हत्यारा पिता गिरफ्तार, गला घोंटकर की गयी हत्या

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला पहाड़गंज में शनिवार को किशोरी की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने परिजनों पर ऑनर किलिंग का केस दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आज शाम मामले का खुलासा करेगी। बता दें शनिवार को पहाड़ गंज में शबाना पुत्री शफी अहमद की संदिग्ध मौत हो गयी थी। परिवारजन मौत के बाद शव को दफनाने के लिए रामपुर के अजीमनगर ले गये। तभी पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने रामपुर पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया किशोरी की मौत गला घोंटने से होने के निशान मिलने पर पुलिस को शक पक्का हो गया। मामले में उपनिरीक्षक नवीन बुधानी की ओर से शबाना के पिता और मां के खिलाफ रिपोर्ट लिखी गयी है जिसमें कहा गया है कि 24 फरवरी को मुखबिर ने पुलिस चौकी रम्पुरा आकर सूचना दी कि शबाना पुत्री शफी अहमद निवासी पहाड़गंज का पड़ौस के ही एक व्यक्ति से करीब 5-6 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिस कारण उसके अम्मी अब्बू द्वारा 23/24 फरवरी को रात्रि में किसी समय गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी है। लेकिन आसपास के कुछ लोगों को बताया है कि पेट के दर्द होने की वजह से मौत हुई है और कुछ को बताया है कि इसके द्वारा फांसी लगा ली गई है और हत्या को छिपाने के लिये उसके शव को दफनाने के लिये अपने मूल निवास बजावाला थाना अजीमनगर जिला रामपुर के कब्रिस्तान में लेकर गये है। सूचना के आधार पर वह अपर उपनिरीक्षक नवीन जोशी, कांस्टेबल अमित जोशी के साथ गांव बजावाला (शेष पृष्ठ सात पर)

## गैरसैंण की अवहेलना के खिलाफ हरदा ने रखा मौनव्रत



देहरादून (उद संवाददाता)। गैरसैंण की बजाय देहरादून में बजट सत्र आयोजित करने के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गांधी पार्क में एक घंटे का सांकेतिक मौन व्रत रखा। मौन व्रत के समापन पर कांग्रेसियों ने रघुपति राघव राजा राम भजन गाकर धामी सरकार की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान हरीश रावत ने कहा कि सरकार द्वारा गैरसैंण की अवहेलना के विरोध में यह मौन व्रत है। हिमालयी राज्य की अवधारणा के साथ बने राज्य की सरकार को गैरसैंण में ठंड लग रही है। रावत ने कहा कि अपनी ही पार्टी की सरकार द्वारा घोषित ग्रीष्मकालीन राजधानी में बजट सत्र का आयोजन न करना, विधानसभा द्वारा पारित संकल्प की भी अवहेलना है। हरदा ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उन्हीं के कार्यकाल में गैरसैंण में विधानसभा भवन बना, विधान सभा सत्र आयोजित हुए, भविष्य के बजट सत्र गैरसैंण में ही आयोजित होने का संकल्प भी पारित किया गया, रावत ने कहा कि उनके मौन व्रत का उद्देश्य सरकार को सद्बुद्धि आए इसकी कामना के साथ एक प्रायश्चित भी है। कहा कि अब उन्हें ऐसा प्रतीत होता है कि (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रदेश को मिली पांच पब्लिक हेल्थ यूनिट की सौगात

## पीएम नरेंद्र मोदी ने राजकोट से उत्तराखंड के कई जनपदों के लिए किया 37.13 करोड़ की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड को 37.13 करोड़ की स्वास्थ्य योजनाओं को सौगात दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के राजकोट में अपने दौरे के दौरान देशभर में 11,391.79 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण/शिलान्यास किया। इनमें राजकोट सहित देश के 05 राज्यों को मिले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने देश के अन्य राज्यों में लगभग 200 स्वास्थ्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास/लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में 37.13 करोड़ लागत की स्वास्थ्य परियोजनाएं का भी राजकोट से वर्चुअल शिलान्यास/लोकार्पण किया गया। इनमें खाद्य सुरक्षा अवसंरचना की 02 इकाइयां, प्रधानमंत्री आयुष्मान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की 06 इकाइयां और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की दो परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री द्वारा राजकोट से वर्चुअल माध्यम से उत्तराखण्ड के 08 परियोजनाओं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जनपद उत्तरकाशी के पुरोला, नैनीताल के भवाली, रुद्रप्रयाग के जखोली, बागेश्वर के कपकोट, चंपावत के बाराकोट में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का लोकार्पण किया गया।एन.एच.एम के अंतर्गत शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिद्वार का लोकार्पण किया गया। एनएचएम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय रुद्रपुर में क्रिटिकल केयर ब्लॉक एवं एन.एच.एम. के अंतर्गत उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर में चिकित्साधिकारियों हेतु




ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण का शिलान्यास किया गया। रविवार को राजकोट से प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से छह स्वास्थ्य योजनाओं का शिलान्यास और दो योजनाओं का लोकार्पण किया। इसके अलावा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए मोबाइल लैब की शुरूआत की। रविवार को सुभाष रोड स्थित एक होटल में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पीएम मोदी ने 37.13 करोड़ लागत की स्वास्थ्य योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें 87.4 लाख की लागत से प्रदेश को दो मोबाइल लैब की शुरूआत की। इसके अलावा प्रधानमंत्री आयुष्मान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत 20.35 करोड़ की लागत से जिला अस्पताल रुद्रपुर में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया। 4.05 करोड़ की लागत से उत्तरकाशी जिले के पुरोला, नैनीताल के भवाली, रुद्रप्रयाग के जखोली, बागेश्वर के कपकोट, चंपावत के बाराकोट में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 1.98 करोड़ की लागत से उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर में चिकित्साधिकारियों के लिए ट्रांजिट हास्टल का शिलान्यास किया। हरिद्वार में 9.88 करोड़ से शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। इन योजनाओं से लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इस मौके पर सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, एनएचएम मिशन निदेशक स्वाति भदौरिया, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# बनभूलपुरा क्षेत्र में भारी सुरक्षा के बीच मना शब्बे ए बारात

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र में शब्बे ए बारात त्यौहार भारी सुरक्षा के के बीच मनाया गया। इस दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र द्वारा क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और सभी पुलिस कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए चप्पे चप्पे पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। वही त्योहार के मध्य नजर पुलिस भी जगह-जगह पूरी मुस्तेदी से कार्य करती दिखाई दी। गौरतलब हो कि यह वही क्षेत्र है जिसमें कुछ दिन पूर्व अवैध मस्जिद व मदरसा तोड़ने के दौरान पुलिस प्रशासन, नगर निगम कर्मचारी व मीडिया कर्मियों पर स्थानीय लोगों द्वारा पत्थरबाजी व आगजनी की गई थी और बनभूलपुरा थाने को भी फूंक दिया गया था। घटना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया था। शब्बे ए बारात त्यौहार के दौरान पूरे बनभूलपुरा क्षेत्र में शांति का माहौल बना रहा। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि त्यौहार के दौरान पूरे बनभूलपुरा क्षेत्र में जगह जगह लोगों पर पैनी निगाह रखी गई ताकि कोई भी असामाजिक तत्व क्षेत्र की शांति व्यवस्था को किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाने की कोशिश न करे।





## दंगे में घायल अलबशर की उपचार के दौरान मौत

हल्द्वानी। दंगे में गंभीर रूप से घायल 18 साल के अल बसर की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। 17 दिन जिंदगी और मौत से जूझने के बाद उसने आखिरी सांस ली। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। ताज मस्जिद निवासी अलबशर पुत्र अब्दुल माजिद सब्जी बेचता था। बनभूलपुरा में ठेले से फेरी लगाकर वह परिवार का भरण पोषण कर रहा था। बीती रात 8 फरवरी को वनभूलपुरा में हुए दंगे के दौरान वह ठेला लेकर घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान परिजनों को सूचना मिली कि अलबशर ताज मस्जिद के पास घायल अवस्था में पास घायल अवस्था में पड़ा है। परिजन जब वहां पहुंचे तो अलबशर की आंतें बाहर निकली हुई थी। उसे आनन फानन में एसटीएच ले जाया गया जहां उसने 17 दिन बाद दम तोड़ दिया। डाक्टरों ने अल बशर की जान बचाने की भूरपूर कोशिश की लेकिन वह उसे नहीं बचा पाए। लाइन नंबर 16 नई बस्ती में रहने वाले अलबशर के चाचा मो. नाजिम ने बताया कि दंगे की रात अलबशर ठेला लेकर घर लौट रहा था। तभी उन्हें सूचना मिली कि अलबशर के ताज मस्जिद के पास घायल पड़ा हुआ है। उसका पेट फटा था और आंतें बाहर आई हुई थी। उस पर किसने हमला किया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। घर का इकलौता सहारा छिन जाने के बाद परिवार सदमे में है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि काशीपुर में हिंदी सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण के लिए समाचार एवं विज्ञापनों हेतु वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव अधिकृत प्रतिनिधि हैं। इनके अलावा काशीपुर क्षेत्र में यदि कोई भी व्यक्ति खुद को उत्तरांचल दर्पण का प्रतिनिधि बताता है तो यह गलत और गैर कानूनी होगा। समाचार एवं विज्ञापनों को प्रकाशित कराने के लिए कृपया मोबाइल नंबर 8077226013/7464948807 पर सम्पर्क करें।

## अब गौलापार के बागजाला में अतिक्रमण पर गरजेगा बुल्डोजर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में सभी जगह पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सरकार द्वारा अतिक्रमण की जद में आ रहा मंदिर हो या मस्जिद अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। कुछ दिन पहले हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई बुल्डोजर की कार्यवाही के बाद एक और खबर आ रही है की तराई पूर्वी वन प्रभाग के अधीन गौलापार के बागजाला क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान 27 फरवरी मंगलवार से चलाने की तैयारी है। इसको लेकर वन विभाग ने पुलिस महकमे को पत्र भी लिखा है। बनभूलपुरा के बाद अतिक्रमण पर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई होगी। वन विभाग बागजाला व आसपास के क्षेत्र में कल से कब्जे तोड़ेगा, दूसरे रेंजों से टीम मंगाने की तैयारी है। वन विभाग इलाके में मुनादी भी करा रहा है। माना जा रहा है कि इस अभियान के तहत नए निर्माण कार्य मे पर पहले कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि बागजाला में 100 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि पर कब्जा है। डीएफओ हिमांशु का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

## फरार सात वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर। अलग-अलग मामलों में पिछले लंबे समय से फरार चल रहे सात वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक हनुमान मंदिर के सामने मोहल्ला महेशपुरा निवासी कबीर पुत्र राजू को शस्त्र अधिनियम के एक मामले में पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। इसी तरह एन आई एक्ट के मामले में कदीरी मार्केट निवासी गौरव कुमार पुत्र राकेश कुमार, आकाश कुमार पुत्र राकेश कुमार, खाद्य सुरक्षा मामले में ग्राम बरखेड़ा पांडे थाना आईटीआई निवासी रईसुद्दीन पुत्र जलीस, धारा 406 में ग्राम बांसखेड़ा खुर्द थाना आईटीआई निवासी गुरदेव सिंह पुत्र नंदकिशोर, धारा 354 एवं पोक्सो अधिनियम में प्रतापपुर निवासी पंकज पुत्र प्रकाश तथा चेक बाउंस के मामले में यादव सभा के पास मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी राजीव यादव पुत्र नारायण दास की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर डॉबीज देकर सभी फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## शराब पिलाकर लूट ली हजारों की नगदी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जमीन का बयाना देने की बात कहकर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को साथ ले जाकर उसे शराब पिला दी और उसके पास रखे हजारों रुपए व साईकिल छीनकर भाग गए। मोहन स्वरूप पुत्र नेतराम निवासी आजाद नगर, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 24 फरवरी को दोपहर उसे एक व्यक्ति जमीन का बयाना देने के नाम पर अपने साथ लालपुर ले गया। उसके साथ उसका पुत्र महावीर भी गया। वहां ले जाकर बगवाड़ा में उस व्यक्ति व उसके साथियों ने उससे कहा कि बयाना तो दे देंगे चलो चलकर इस खुशी में कुछ पी खा लेते है। जब वह नशे में हो गया तो उक्त लोगों ने उसकी जेब से 10 हजार रुपए निकाल लिये और उसकी साईकिल भी छीन ली उसे मारापीटा।

## पुलिस ने चाकू के साथ एक दबोचा

गदरपुर (उद संवाददाता)।गदरपुर पुलिस ने एक संदिग्ध को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष, भुवन चंद जोशी के नेतृत्व मे टीम ने गश्त के दौरान लगडाभोज से दिनेशपुर रोड पर एक संदिग्ध अभियुक्त उस्मान पुत्र करामत अली निवासी ग्राम लंगडाभोज गदरपुर को एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। टीम में उपनिरीक्षक पवन जोशी, कांस्टेबल गोरख नाथ, कैलाश मनराल शामिल रहे।

# खटीमा में पत्रकार उत्पीड़न के मामले में हाईकोर्ट में दायर होगी याचिका

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। खटीमा में पत्रकार दीपक यादव और उनके नाबालिग पुत्र के साथ पुलिस द्वारा की गयी मारपीट और बदसलूकी के मामले में जल्द ही विवादित चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर पत्रकार प्रेस परिषद हाईकोर्ट में रिट दायर करेगी। बता दें बीते दिनों खटीमा में पत्रकार दीपक यादव के नाबालिग पुत्र का कुछ बच्चों के साथ विवाद हो गया था। सूचना मिलने पर पत्रकार दीपक यादव वहां पहुंचे ही थे तभी चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल भी वहां आ गये। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने पत्रकार दीपक यादव और उनके पुत्र के साथ गालीगलोच करते हुए मारपीट की और उन्हें हवालात में डाल दिया। कोतवाली में भी उनके साथ ज्यादती की गयी। साथी पत्रकारों को उनसे मिलने तक नहीं दिया गया। यही नहीं पत्रकार की स्कूटी को घर से जबरन मंगवाकर स्कूटी को सीज कर दिया गया और 25 हजार का चालान भी काट दिया। इस मामले में



पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी के नेतृत्व में पत्रकारों सीओ को ज्ञापन सौंपकर चोकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही एसडीएम के माध्यम से एक ज्ञापन सीएम को भी प्रेषित किया था। पत्रकारों ने मामले तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कुमांऊ भर में आंदोलन की चेतावनी दी थी। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुयी है। जिससे पत्रकारों में भारी रोष है। पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जायेगा। इसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि चौकी इंचार्ज ने पत्रकारों का मनोबल गिराने का काम किया है साथ ही नाबालिग को हवालात में डालकर कानून को भी ताक पर रखा है। इस मामले में जल्द ही हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की जायेगी। अशोक गुलाटी ने कहा कि इस मामले में पत्रकार चुप नहीं बैठेंगे। कुमांऊ भर में आंदोलन के लिए सभी पत्रकार संगठनों से बात की जा रही है।

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू

किच्छा(उद संवाददाता)।उद्यमिता में रूचि रखने वाले छात्र/छात्राओं और स्थानीय निवासियों में 18 से 45 वर्ष के युवाओं को अपने उद्यम की शुरूआत करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय किच्छा में12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ई डी पी) संचालित किया जा रहा है। उत्तराखण्ड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ० राजीव रतन द्वारा किया गया।देवभूमि उद्यमिता योजना कार्यक्रम के उद्घाटन पर प्राचार्य डॉ० राजीव रतन ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना स्थानीय युवाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने वाली गौरवपूर्ण योजना है। कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए सभी को अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया देवभूमि उद्यमिता योजना के वरिष्ठ सलाहकार श्री संजीव भट्नागर जी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि उद्यम स्थापित करने के लिए क्षेत्र के संसाधनों और स्थानीयता का ज्ञान होना आवश्यक है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ० प्रकाश चन्द भट्ट ने 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम की रूप-रेखा प्रस्तुत की, देवभूमि में संसाधनों के सतत उपयोग के साथ ही साथ उद्यम स्थापित करने पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता संस्थान, अहमदाबाद से विशेषज्ञ के रूप में आए श्री दुष्यंत जी ने उद्यमिता क्यों आवश्यक है, स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग, बिजनेस आइडिया पिचिंग पर प्रतिभागियों के समक्ष अपने विचार रखे और उनके द्वारा प्रतिभागियों को वर्तमान में स्वरोजगार की उपयोगिता



पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० नरेश कुमार, डॉ० उमराव सिंह, डॉ० हर्षिता तिवारी, डॉ० किरन बाला एवं रोशनी, अनूप,शाहनूर, प्रीति सहित 60 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आंगनवाड़ी कार्यकर्ती, सहायिका, मिनी कर्मचारी संगठन जिला इकाई के बैनर तले अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने कार्य बहिष्कार के साथ गांधी पार्क में आज भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते वक्ताओं ने कहा कि अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिछले काफी समय से आन्दोलित हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों की निरंतर उपेक्षा कर रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगे स्वीकार नहीं की गई तो आन्दोलन और तेज कर दिया जायेगा जिसकी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर, जिला महामंत्री रंजीता अरोरा, सुमन चतुर्वेदी, माधुरी, निशा, रेहाना , मुनीजा, तबस्सुम, संध्या सक्सेना, नीलम, राखी, रेखा, पार्वती,



शकुंतला, रचना, शिवानी, हीरा बोस, नीरू, हंसा लोहनी, उर्मिला मिश्रा, आरती कुंवर, शर्मिला, आशा सरकार, बबली विश्वास, सीमा पाल, हिना, कंचन चौहान, रानी कौर, बिसाखा, अंजली , अनीता, मीना मंडल, खुशबू कन्नौजिया, सुषमा सैनी, सुनीता, रेखा, रेनू, सीमा राय, बसंती विश्वास, बबीता मंडल, सीमा मंडल, विमला, शांति, इशरत जहां, सरोज, भासवना सिंह, प्रीति, हेमलता, उर्मिला पाल, गीता, सीता, सुरेश देवी, सरिता बोरा, प्रेमलता, पुष्पा शुक्ला, कमलेश पटवाल, प्रतिभा, कुसुम यादव, सुमन, रूचिका घई, रचिता मल्लिक, मालती, दीपा उप्रेती, रूबीना परवीन, ज्योति, रियाज बानो, मंजीत सहित कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मौजूद थीं।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# स्टेडियम और रोडवेज स्टेशन के लिए कैबिनेट मंत्री ने कराये ढाई करोड़ मंजूर

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कालेज मैदान को स्टेडियम में परिवर्तित करने के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने युवाओं



को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने स्टेडियम निर्माण और रोडवेज बस स्टेशन के निर्माण के लिए करीब ढाई करोड़ रूपये मंजूर करा दिये है। नगरीय क्षेत्र में स्टेडियम युवाओं ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से स्टेडियम निर्माण की मांग की थी। युवाओं का कहना था कि नगर क्षेत्र में कहीं भी खेलने का स्थान नही है। जिससे क्षेत्रीय युवाओं की प्रतिभा प्रभावित हो रही थी। जिसका संज्ञान लेते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने युद्ध स्तर पर राजस्व अधिकारियों को स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि चिहिंत करने के निर्देष दिये। जिसके बाद नगर के राजकीय इंटर कालेज मैदान की खाली पड़ी भूमि स्टेडियम निर्माण के लिए चिहिंत की गई। भूमि चिहिंत होने पर युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। वर्तमान में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने राजकीय इंटर कालेज मैदान को मिनी स्टेडियम निर्माण में परिवर्तित करने के शासन से 58 लाख 56 हजार का बजट अवमुक्त करा दिया है। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्रवासियों और यात्रियों की बेहतर सुविधा के लिए रोडवेज बस स्टेशन के अधूरे निर्माण को पूर्ण करने के लिए डेढ़ करोड़ का बजट मंजूर कराया है। दोनों ही परियोजना सितारगंज के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकती है। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, महामंत्री अमित रस्तोगी निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, राधेश्याम सागर, पंकज गहतोड़ी, नितिन चौहान ने कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त किया। भाजपा पदाधिकारियों और निवर्तमान सभासदों ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा क्षेत्र को विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर कर रहे है। वह दिन दूर नही जब उत्तराखंड में सितारगंज विधानसभा की पहचान अलग ही होगी।

## सितारगंज के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी: कमल जिंदल

सितारगंज(उद संवाददाता)। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा स्टेडियम बस सड़कों के निर्माण के लिए पैसा मंजूर



करने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए हर्ष जताया है, उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री ने एसडीएम को पालिका का प्रभार मिलने के बाद शहर में करीब पांच करोड़ की लागत से लगभग 70 सड़कों का टेंडर करा दिया। जिससे नगरवासियों में खुशी की लहर है। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने कहा कि जल्द ही शहर की सड़कें चमचमाती दिखेंगी। इससे आमजन के साथ ही आने वाले लोगों को भी सुलभ सड़कों का लाभ मिल सकेगा। क्षेत्र के विकास की कड़ी पहले नगर पालिका के स्तर पर कुछ कथित समस्याएं बनी हुई थी। जिनके दूर होने के बाद परिवर्तन की नई लहर विकास में देखने को मिल रही है। आभार व्यक्त करने वालों में आदेश ठाकुर, रवि रस्तोगी,राधेश्याम सागर शामिल थे।

# गदरपुर मटकोटा से मुकरन्दपुर को जोड़ने वाले मार्ग का किया शिलान्यास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत गदरपुर- मटकोटा मार्ग से मुकरन्दपुर डेरे को जाने वाले 1. 7 किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग का फीता काटकर कर शुभारंभ किया। ग्रामीण क्षेत्र में मुकरन्दपुर से गदरपुर को जोड़ने वाले इस मार्ग का उपयोग क्षेत्र की बहुत बडी आबादी करती है। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है जो विकास करने के लिये जानी जाती है ,इसका प्रमाण है कि रुद्रपुर क्षेत्र में चारों ओर तेज गति से कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय कई बड़ी योजना रुद्रपुर क्षेत्र में आने वाली है,क्षेत्र विकास उनकी पहली प्राथमिकता है जिसके लिये निरन्तर लगे हुए हैं। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, सुदर्शन विश्वास, प्रीत ग्रोवर, सुभाष बेहड़, जसवीर बठला, करनायल सिंह, साहब सिंह, मंडी चेयरमैन सुभाष गुम्बर, जोगा सिंह, लक्खा सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।



# पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगी बड़ी सौगात

## ईएसआई ( मेडिकल सुविधा ) और बच्चों को निःशुल्क रोजगारपरक शिक्षा देगा बोर्ड

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड भवन एवं सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत सरकार पंजीकृत श्रमिकों और उनके आश्रितों को बड़ी सौगात देने जा रही है। ऐसे सभी श्रमिकों को बोर्ड के बजट से ईएसआई (मेडिकल सुविधा) और बच्चों को निःशुल्क रोजगारपरक शिक्षा देगी। योजना में प्रवेश पाने वाले बच्चों के लिए बोर्डिंग (हॉस्टल की व्यवस्था), यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकों, आदि पर खर्च होने वाली धनराशि पूरी तरह बोर्ड वहन करेगा।3 साल में 75 बच्चों को रोजगार परक शिक्षा प्राप्त होगी। सरकार ने पंजीकृत श्रमिकों को मेडिकल सुरक्षा की ईएसआई जैसी बड़ी सौगात देने का भी निर्णय लिया है। अभी तक श्रमिक इस सुविधा से वंचित थे। सरकार ने पंजीकृत श्रमिकों को किसी तरह की आयु सीमा का बंधन छोड़ सभी को ईएसआई की सुविधा देने की योजना बनाई है। बोर्ड के अनुसार पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को राजकीय शिक्षण संस्थानों में डॉक्टरी, इंजीनियरिंग तथा अन्य समकक्ष शिक्षा में प्रवेश होने पर पूरी फीस बोर्ड द्वारा वाहन की जाएगी।

# सितारगंज के विकल भाजपा मुख्यालय में बने सह चुनाव प्रभारी

सितारगंज(उद संवाददाता)। भाजपा ने राजधानी मुख्यालय के चुनाव कार्यालय में सितारगंज के खूब सिंह विकल को सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। उनके मनोयन पर नगर क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। सितारगंज विधानसभा पूर्व भाजपा प्रत्याशी खूब सिंह विकल को देहरादून के मुख्यालय कार्यालय में सह प्रभारी की जिम्मेंदारी सौपी गई है। श्री विकल के मनोयन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें



बधाई दी है। श्री विकल ने बताया कि पार्टी ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेंदारी दी है। जिसके लिए वह प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट समेंत शीष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, मनोज गर्ग , उमेश अग्रवाल,प्रमोद गर्ग,विशाल गोयल,ध्रुव सिंह राणा, जितेन्द्र सिंह राणा आदि शामिल हैं।

# दो शराब तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस पुलिस ने शराब तस्करों के विरूद्ध अभियान चलाते हुए दो शराब तस्करों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया जबकि बाईक सवार एक शराब तस्कर मौके पर शराब छोड़ भागने में कामयाब हो गया। जानकारी के अनुसार कां. रघुनाथ व पीआरडी के रामस्वरूप ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कालीनगर रोड़ में पुलिया पर बैठे शराब तस्कर कालीनगर रोड़ रायपुर निवासी जगदीश सिंह उर्फ जग्गू पुत्र जसपाल सिंह को पकड़ लिया । तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद रबड़ की ट्यूब में 60 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। वहीं कां. ललित मोहन व धर्मेंन्द्र मर्तोलिया ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बगवाड़ा मंडी के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया जो गूंगा था। तलाशी लेने पर उसके पास से जरकेन में भरी 20 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। उसके परिजनों ने उसका नाम पता गुरदेव सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी बगवाड़ा बताया। वहीं एक अन्य मामले में एसआई दीपक जोशी व कां. कृष्णा टम्टा ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बिन्दूखेड़ा के पास बाईक सवार युवक को रोकना चाहा तो वह बाईक छोड़ मौके से भाग गया। पुलिस ने जब बाईक की तलाशी ली तो उस पर दो रबड़ की ट्यूब रखी हुई थीं। जिसमें कुल 140 लीटर अवैध शरारब बरामद हुई। पुलिस ने दोनों शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर फरार शराब तस्कर की तलाश शुरू कर दी है।

# महिला समेत तीन के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस को तहरीर देकर यूपीसीएल की उपखंड अधिकारी महक मिश्रा ने बताया कि करबला बस्ती मोहल्ला अल्ली खां निवासी नसीम बेगम पत्नी हबीब अहमद यहीं के लियाकत पुत्र मुस्तार अली तथा तस्लीम पुत्र शब्बन खां पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# हमारी संस्कृति की सीख है परमार्थ परमो धर्मो

## हल्द्वानी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धारावाहिक 'मन की बात' के 110 वां संस्करण नगर में नं. 56, के शक्तिकेंद्र,बूथ सं.91, केशव कुंज देवलचौड रामपुर रोड पर सुना गया। जिसमें मोदी ने कहा कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जिसमें देश सुनीता देवी दीदी से बात की। जो सीतापुर उत्तर प्रदेश से हैं उन्होंने जल जीवन मिशन के बारे में महिलाओं के योगदान की बात बताई कल्याणी प्रफुल्ल पाटील जी से भी बात की महाराष्ट्र की दीदी से जल जीवन मिशन के बारे में बात कर जानकारी ली। उन्होंने बताया आज हम सब लोगों के हमारा धर्म है। हमारे देश के कुछ लोग निस्वार्थ भाव से समर्पित रहते हैं। उन्होंने जिक्र किया बिहार के भोजपुर में भीम सी भावेश अपने क्षेत्र के मुसहर जाती के लोगों के लिए काम करते हैं। मुसहर एक अत्यंत गरीब समुदाय रहा है। भीमसी भावेश ने मुसहर समुदाय के बच्चौ की शिक्षा पर दिया है। कर्नाटका केवेक्टा अंबाजी का जिक्र किया। उन्होंने कहा आज के जीवन में सोशल मीडिया का अहम योगदान रहा है। इस पर भी हमें काम करने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रताप सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष वन





की नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन है वह है प्रकृति। खेती व जल संरक्षण और स्वच्छता हर क्षेत्र में महिलाओं ने उत्कृष्ट काम किया है। उन्होंने कहा केमिकल से जो हमारी धरती मां को दर्द हो रहा है उसे महिलाओं ने ही सही करने का जिम्मा उठाया है।आज उन्होंने नमो ऐप ड्रोन जीवन में डिजिटल गैजेट मोबाइल से वन्यजीव के लिए भी मदद मिल रही हैं तीन मार्च को वन्य जीव दिवस मनाया जाता है। इस दिन वन्य जीव संरक्षण के लिए मनाया जायेगा। वन वर्ल्ड डिजिटल की तरह मनाया जायेगा। वर्षों से वन जीव और मानव एक साथ रहते आये है। हमारी संस्कृति की सीख है परमार्थ परमो धर्मा यानी दूसरों की मदद करना ही सबसे बड़ा फोकस कर आगे बढ़ाने का कार्य किया और आठ हजार बच्चों के भविष्य को संवारने का काम किया। कुछ लोग भाषा के क्षेत्र में भी लगातार काम कर रहे हैं ऐसे जम्मू कश्मीर में मोहम्मद मानसा जी ऐसे ही कार्यों में जुटे हैं गोजरी भाषा के काम में जुटे हैं वो गुजर बकरवाल समुदाय से आते हैं। अरूणाचल प्रदेश के वलवंत लोशो भी वांचो भाषा में अहम योगदान एवं पर्यावरण सलाहकार समिति (दर्जा राज्यमंत्री) दीपक मेहरा, जिला सह प्रभारी विवेक सक्सेना, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी, मंडल उपाध्यक्ष हेमंत बिष्ट, विष्णु सक्सेबात,,नमो संयोजक रत्नेश शाह, शक्ति केंद्र संयोजक महेश पाठक, बूथ अध्यक्ष विनोद नेगी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# पांच निर्धन कन्याओं का विवाह सम्पन्न करायेगी सामाजिक संस्था

रामनगर(उद संवाददाता)। आगामी 11 मार्च को रामनगर में सामाजिक संस्था 1स्टेप एन वी प्राउड द्वारा स्थानीय अग्रवाल सभा भवन में पांच निधर्न कन्याओं का विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजक शुभांकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी संस्था द्वारा पिछले 4 वर्षों की भांति इस बार पांचवें वर्ष भी पांच निर्धन कन्याओं का विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न कराया जाएगा उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान वर और कन्या पक्ष के 20-20



लोग शामिल होंगे इसके साथ ही दोनों पक्षों के भोजन की व्यवस्था संस्था द्वारा की गई है तथा विवाह में संस्था द्वारा जरूरी सामान भी उपहार स्वरूप भेंट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा दोनों पक्षों के आई कार्ड बनाए जाएंगे तथा कार्यक्रम के दिवस कार्यक्रम स्थल पर उन्हीं लोगों की मौजूदगी रहेगी जिनके पास आई कार्ड मौजूद रहेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मौजूद पांचो दूल्हों की बैंड बाजे के साथ संयुक्त रूप से बारात भी निकली जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सौभाग्यवती भवा भाग 5 के रूप में मनाया जाएगा उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# जीआरडी इण्टरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया ग्रेजुएशन डे

गदरपुर (उद संवाददाता)। धौलपुर स्थित जीआरडी इण्टरनेशनल स्कूल में ग्रेजुएशन डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के चेयरमैन स० गुरनाम सिंह चावला, वॉयस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर श्रीमती मनमीत कौर, श्रीमती रुपिन्दर (लिलि एवं पॉपी) के अभिभावकों ने विभिन्न मनोरंजक खेलों में भाग लिया। सभी विजेता अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा यू के जी (लिलि एवं पॉपी) से कक्षा 1 में प्रवेश करने वाले नन्हें मुन्हें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय ने कम समय में जो सफलताएँ अर्जित की इसके लिए श्री गुरु राम दास का आशीर्वाद एवं हमारे विद्यालय के शिक्षकों का कठिन परिश्रम है। पाखी बजाज ने जी मेन्स में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम प्रयास में ही 97.9 प्रधानाचार्य श्रीमती साधना बट्सर ने कहा कि विद्यालय, माता-पिता एवं बच्चों के समन्वय से ही एक बेहतर परिणाम प्राप्त होता है इसलिए घर में एवं विद्यालय में बच्चों के अनुकूल वातावरण बनाकर उन्हें उचित राह पर चलने की प्रेरणा प्रदान करनी चाहिए।किंडर गार्डन कोऑर्डिनेटर







कौर, प्रधानाचार्य ए जे बट्सर, उप प्रधानाचार्य श्रीमती साधना बट्सर, सीनियर कोऑर्डिनेटर श्रीमती हेमलता मेर बिष्ट, कॉर्डिनेटर अल्का शर्मा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालक श्रीमती शैली मदान के संचालन में स्कूल काउंसिल मेम्बर ने विद्यालय के सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं अतिथियों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। कक्षा यू के जी कर दिया। जिनमें डांस, सिंगिंग, कराटे, भाषण,कविता आदि कार्यक्रम सम्मिलित थे।विद्यालय के चेयरमैन स० गुरनाम सिंह चावला ने कक्षा एक में प्रवेश पाने वाले सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की। वॉयस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा हमारे विद्यालय को उद्देश्य है कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना, उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को निखारना, परसेंनटाइल अंक प्राप्त किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कलस्टर खेलों में उत्तम प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किए। हमारे विद्यार्थी नेवी, सी ए आदि में चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रधानाचार्य ए जे बट्सर ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया तथा कक्षा एक में प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों में स्व अनुशासन, देश प्रेम, सामाजिक मूल्य जैसे गुण भरने पर जोर दिया। उप श्रीमती अलका शर्मा ने नर्सरी से यूकेजी तक की यात्रा को याद करते हुए कहा कि जब नर्सरी में बच्चा आता है तो वह एक भिन्न वातावरण का अनुभव करता है, हमारे विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को प्रेम पूर्वक विद्यालय के वातावरण में ढालने का प्रयास किया जाता है। सीनियर कॉर्डिनेटर श्रीमती हेमलता मेर बिष्ट ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया तथा समय-समय पर अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# बंदरों की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री से मिला पांच सदस्यीय शिष्टमंडल

गरुड़(उद संवाददाता)। बंदरों की समस्या को लेकर पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को देहरादून में मुलाकात की और रिपोर्ट सौंपी। मुलाकात के दौरान सीएम ने वन विभाग से शीघ्र बंदरों की समस्या का समाधान करने को कहा। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने मौके पर ही वन सचिव को निर्देश दिए। कत्यूर घाटी में गत मकर संक्रांति से चल रहे बंदर भगाओ खेती बचाओ जन अभियान समिति के पदाधिकारियों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और उन्हें पूरे अभियान की रिपोर्ट सौंपी। सीएम को रिपोर्ट सौंपते हुए अभियान के संरक्षक एडवोकेट डीके जोशी ने कहा कि बंदरों ने कत्यूर घाटी के लोगों का जीना हराम कर दिया है। बंदर न केवल खेती को चौपट कर रहे हैं, बल्कि अब हमला कर लोगों को घायल भी कर रहे हैं। उन्होंने सीएम से बंदरों की समस्या से तत्काल निजात दिलाए जाने की मांग की। सीएम ने उन्हें आश्वासन दिया कि शीघ्र वन विभाग इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा। उन्होंने मौके पर ही वन सचिव को निर्देश दिए। इस दौरान विधायक पार्वती दास,कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, जन अभियान समिति के संयोजक हरीश जोशी, अध्यक्ष रवि शंकर बिष्ट, नंदाबल्लभ पंत मौजूद थे।



# सेपक टाकरा जूनियर एवं सब जूनियर टीम का चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सेपक टाकरा जूनियर एवं सब जूनियर टीम (बालक और बालिका) का चयन कल्याणी व्यू स्थित सेपक टाकरा कोर्ट में किया गया। सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने जानकारी दी कि उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों के 58 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के उपरांत सब जूनियर बालक, जूनियर बालक एवं बालिका टीमों का चयन किया गया। जूनियर बालिका एवं बालक वर्ग में 8-8 खिलाड़ी एवं सब जूनियर वर्ग में 8 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित टीम का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पश्चात 26 मार्च से 30 मार्च तक दावणगेरे कर्नाटक में भारतीय सेपक टाकरा महासंघ द्वारा आयोजित होने वाली जूनियर एवं सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयन प्रक्रिया में मुख्य अतिथि विजेंद्र चौधरी ( चेयरमैन उत्तराखंड एथेलेटिक्स सिलेक्शन समिति) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप धर्मराज बिष्ट (प्रशिक्षक, क्रिकेट) रहे। डॉ नागेंद्र शर्मा ने बताया कि चौंपियनशिप में जाने से पूर्व 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रुद्रपुर में किया जाएगा। चयन समिति में गौरव जोशी (सेपक टाकरा, एनआईस प्रशिक्षक कल्याणी व्यू सेपक टाकरा कोर्ट), प्रगति दुमका (सेपक टाकरा प्रशिक्षक स्पोर्ट्सस्टेडियम, रुद्रपुर), सावन मेहरोत्रा (एनआईस प्रशिक्षक) लोकेश साह राष्ट्रीय खिलाड़ी, अंकुश रौतेला संयुक्त सचिव, नीरज जोशी, योगेश पांडे, चेतन भट्ट रहे।



# साम्प्रदायिक माहौल पर की चिंता व्यक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने साम्प्रदायिक सौहार्द कायम करने के लिए भाईचारा बैठक का आयोजन किया। जिसका संचालन महेश व रजनी ने किया।बैठक में वक्ताओं ने बनभूलपुरा में 8 फरवरी की घटना के बाद बनाये गए साम्प्रदायिक माहौल पर चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में प्रशासन के भेदभाव पूर्ण व्यवहार ने बनभूलपुरा में जनता को आतंकित किया। समस्या यह भी है कि बनभूलपुरा की घटना के बाद नगर के अन्य हिस्सों, कमलुवागाँजा, कठघरिया, आदि में भाजपा बजरंग दल ने धर्म विशेष के किरायेदारों दुकानदारों को डराने धमकाने का काम किया। इसी तरह की घटनाओं से साम्प्रदायिक माहौल खराब हुआ।बैठक में क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, मजदूर सहयोग केंद्र, जनवादी लोक मंच, भाकपा (माले), परिवर्तनकामी छात्र संगठन, महिला एकता मंच, उत्तराखंड महिला मंच, समाजवादी लोक मंच, सीपीएम, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, सर्वोदय मंडल आदि संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को नसीम, प्रेम प्रसाद आर्या, कैलाश पांडे, रोहित, मनोज पांडे, सुरेंद्र रावत, आनंद पांडे, मदन मोहन, उमा भट्ट, भारत सिंह, भूपाल, टीका राम पांडे, ललिता रावत, मुन्नी, के के बोरा, तरुण जोशी आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया।



# कोलम्बस स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 'ग्रैंडपेरैंट्स डे'





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 'ग्रैंडपेरेंट्स डे' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय की प्री-प्राईमरी शाखा के विद्यार्थियों के दादा-दादियों व नाना-नानियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक रमेश चंद्र जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि रमेश चंद्र जोशी, विद्यालय के चेयरमैन केसर दास खेड़ा, प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा व प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने माँ शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् प्रबंध निदेशक ने मुख्य अतिथि महोदय को पुष्पगुंज भेंट कर व दुशाला ओढ़ाकर उनका औपचारिक स्वागत किया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए प्री-प्राईमरी के बच्चों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा से खूब वाहवाही लूटी। तत्पश्चात् नन्हें-मुन्नें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की ऐसी झड़ी लगा दी, जिससे सारा विद्यालय प्रांगण संगीतमय हो गया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालय के बच्चों व उनके ग्रैंडपैरेंट्स के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्रैंडपैरेंट्स ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दादा-नाना व दादी-नानी की टीमों के बीच में अंताक्षरी मुकाबला कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने वहाँ उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्री जोशी ने अपने भाषण में नन्हें-मुन्नें कलाकार छात्र-छात्राओं की जमकर तारीफ की। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के लिए विद्यालय प्रबंधन की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने अपने भाषण में विद्यालय की प्रगति एवं शैक्षणिक विशेषताओं की चर्चा की। साथ ही विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार खेड़ा जी ने अपने उद्बोधन में मानव जीवन में बुजुर्गों की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही बच्चों के कौशलात्मक एवं ज्ञानात्मक विकास के लिए विद्यालय व अभिभावकों के पारस्परिक सामंजस्य को अहम बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उप प्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल जी ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश कर उपस्थित सभी जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया।







## चोरी की मोटरसाइकिल सहित ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आवास विकास क्षेत्र से दो माह पूर्व चुराई गई मोटर साईकिल सहित एक ऑटो लिफ्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर 2023 को महेन्द्र गिरी पुत्र सुरेश गिरी निवासी



ग्राम मैण्डी स्टेट थाना बैजनाथ जिला बागेश्वर, हाल पता-आवास विकास ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी मोटर साईकिल संख्या यूके 04एएल 0790 को अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है।घटना के खुलासे हेतु उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर छानबीन तथा सीसीटीवी के माध्यम से घटना में संलिप्त आरोपी को चोरी की उक्त मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अमरदीप पुत्र रामनिवास चतुर्वेदी निवासी गहबरा, मीरगंज जिला बरेली, हाल पता कृष्णा कॉलोनी ट्रांजिट कैम्प रुद्रपुर बताया।पुलिस टीम में उनि विजयपाल व हेका पुष्कर सिंह शामिल थे।

## पीएम मोदी ने किया जिला अस्पताल के क्रिटिकल केयर ब्लाक का वर्चुअल शिलान्यास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अन्तर्गत रूद्रपुर स्थित जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय रूद्रपुर





के क्रिटिकल केयर ब्लाक का वर्चुअल शिलान्यास किया गया। सी०सी०बी० के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय रूद्रपुर में गम्भीर रोगों से ग्रस्त मरीजों का उपचार कराना सुगम हो जायेगा तथा मरीजों को कही बाहर जाने की अवश्यकता नही पडेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि सी०सी०बी० के निमार्ण के उपरान्त जनपद के मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो पायेगी, तथा उधम सिह नगर जनपद के परिप्रेक्ष्य में बात करे तो इसके सीमान्त उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों के मरीजो को भी सुविधा प्राप्त होगी। इस दौरान जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह द्वारा सी०सी०बी० का अनावरण किया गया। इस दौरान विवेक सक्सेना पूर्व जिलाध्यक्ष, अनिल चौहान पूर्व अध्यक्ष किसान मोर्चा, राकेश सिंह जिला उपाध्यक्ष, रमेश ओली, अश्वनी अरोरा, राधेश शर्मा, श्रीमती देवी मण्डल, श्रीमती सरिता चौधरी, अभिषेक सक्सेना, अतुल जोशी उपस्थित रहे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा० राजेश कुमार सिन्हा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० एस०पी० सिंह, डा० प्रवीण श्रीवास्तव, डा० गगनदीप मिश्रा, डा० अखिलेश कुमार, डा० अजयवीर सिंह, चांद मियां, गोरधन गौतम एंव श्रीमती दीपा जोशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० राजेश आर्या के द्वारा किया गया।

## खटीमा में पत्रकार के साथ मारपीट करने वाले चौकी इंचार्ज के खिलाफ पत्रकारों में रोष

### गदरपुर के पत्रकारों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

गदरपुर(उद संवाददाता)। खटीमा में पत्रकार के साथ मारपीट बदतमीजी और जबरन हवालात में बंद करने वाले चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल के खिलाफ पत्रकार प्रेस परिषद के कुमाऊं प्रभारी



अशोक गुलाटी के दिशा निर्देश में रविवार को पत्रकार प्रेस परिषद के जिला महासचिव व गदरपुर मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल के कार्यालय पर पत्रकार प्रेस परिषद गदरपुर के नगर अध्यक्ष राकेश अरोड़ा के नेतृत्व में एक बैठक की गई जिसमें सभी पत्रकारों ने चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की बात कहते हुए बताया कि जल्द ही एक शिकायती पत्र बनाकर मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। पत्रकार प्रेस परिषद के महासचिव मुकेश पाल ने बताया कि पत्रकारों के साथ हुआ गलत व्यवहार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अगर जल्द ही चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो पत्रकार आंदोलन के लिए विवश होंगे। पत्रकार प्रेस परिषद के नगर अध्यक्ष राकेश अरोड़ा ने बताया कि खटीमा में एक पत्रकार के साथ मारपीट और जबरन हवालात में बंद करने का मामला प्रकाश में आया है जो की निंदनीय है हम जल्द ही उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए आरोपी चौकी प्रभारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करेंगे। पत्रकार प्रेस परिषद के जिला सचिव गौरव बत्रा ने बताया कि विवादित दरोगा संदीप पिलख्वाल पहले भी विवादित रह चुके हैं उनकी तानाशाही के वीडियो कई बार सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं अगर जल्द ही चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो जिले भर में आंदोलन किया जाएगा इस दौरान पत्रकार शाहनूर अली, उमर अली, रिंकू शर्मा, बिपलब प्रजापति, किशन गुप्ता, शिवम छाबड़ा, नितिन छाबड़ा आदि शामिल थे।

## व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष व महामंत्रियों की कार्यशाला 17 मार्च को हल्द्वानी में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सभी जिलाध्यक्ष व महामंत्रियों की कार्यशाला हल्द्वानी में आगामी 17मार्च को आयोजित की जायेगी। इस संदर्भ में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल अध्यक्ष विपिन गुप्ता द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि इस बार उत्तराखंड के सभी जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्रियों की कार्यशाला कराने का दायित्व जिला नैनीताल



को दिया गया है। जिसे जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता और महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा द्वारा स्वीकार किया गया। इस कार्यशाला हेतु 17 मार्च तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें संगठन के जिले के हल्द्वानी के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी जाएगी।उत्तराखंड के संगठनात्मक 19 जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्रियों को 16 मार्च को हल्द्वानी पहुँचने पर स्वागत अभिनंदन और 17 मार्च को कार्यशाला आयोजित की जायेगी। जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्रियों की कार्यशाला हेतु हर्ष वर्द्धन पांडे और रूपेंद्र नागर को संयुक्त रूप से कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। बैठक में जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल द्वारा प्रस्ताव रखा गया जिसमें आगामी नगर निगम चुनाव में संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा को मेयर प्रत्याशी बनाये जाने की बात कही गयी। जिसे बैठक में सर्वसम्मति से ध्वनिमत के साथ पारित किया गया कि संगठन की ओर से नवीन वर्मा मेयर का चुनाव लड़ेंगे और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक में मेयर प्रत्याशी के रूप में नवीन वर्मा को लड़ाए जाने के प्रस्ताव को हल्द्वानी से प्रदेश पदाधिकारी के रूप में प्रदेश मंत्री शांति जीना, रूपेंद्र नागर, नवनीत राणा, मदन फर्त्याल, हितेंद्र भसीन, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा सहित प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ाने हेतु प्रस्ताव का समर्थन किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी, जिला महिला महामंत्री उर्वशी बोरा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता, संगठन मंत्री उपेन्द्र कनवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, महानगर महिला अध्यक्ष विनीता शर्मा, रेनू टंडन, मंजू पाठक, महानगर युवा अध्यक्ष पवन वर्मा, मोटाहल्दू अध्यक्ष संदीप पांडे, नीरज गुप्ता सहित व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने किया।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भर्ती परीक्षाओं में नकल माफियों की सेंधमारी

देश में प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल के साथ ही पेपर लीक होने के मामले परीक्षा की व्यवस्थाओं की कलई खोल रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए आज तक जितने भी उपाय किये गये वह नकल माफियाओं के आगे विफल नजर आ रहे हैं। हालांकि केन्द्र सरकार के साथ ही कई राज्यों ने नकल विरोधी कानून लागू किया हुआ है। जिसमें सजा के साथ ही भारी जुर्माने का प्रावधान है। अब उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा में नकल कराने वालों ने सेंधमारी कर ली। आखिरकार सरकार को परीक्षा रद्द करनी पड़ी। पर्चा बाहर होने का खामियाजा हजारों परीक्षार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि छह महीने के भीतर दुबारा परीक्षा कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि युवाओं की मेहनत के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे। इस सेंधमारी की जांच विशेष कार्यबल को सौंप दी गई है। हालांकि कुछ परीक्षा केंद्रों से ऐसे लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, जो पर्चा हल कर भीतर भेज रहे थे। मगर हर बार की तरह यह सवाल अनुत्तरित ही रह जाना है कि आखिर प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र बाहर हुआ कैसे? आजकल ज्यादातर परीक्षाएं चाक चौबंद कंप्यूटर केंद्रों पर होने लगी हैं। जो परीक्षाएं इस तरह नहीं होतीं, उनमें प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं रखने की जगहों तथा परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रखी जाती है। मगर विचित्र है कि उत्तर प्रदेश पुलिस खुद पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों की सुरक्षा नहीं कर पाई। यह कोई पहली प्रतियोगी परीक्षा नहीं है, जिसके पर्चे परीक्षा शुरू होने से पहले बाहर आ गए। अब तो जैसे यह सिलसिला-सा बन चुका है कि जब भी कोई प्रतियोगी परीक्षा होती है, उसमें नकल कराने वाले सेंध लगाने का उपाय तलाश ही लेते हैं। हर राज्य इस समस्या से ग्रस्त है। यहां तक कि जो परीक्षाएं कंप्यूरीकृत प्रणाली से होती हैं, उनमें भी ऐसी गड़बड़ी देखी गई है।अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस तरह परीक्षा रद्द होने से विद्यार्थियों को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। न केवल परीक्षा की तैयारी में लगी उनकी मेहनत बर्बाद जाती है, बल्कि बहुत सारे विद्यार्थी तो जैसे-तैसे जुगाड़ करके परीक्षा का शुल्क अदा करते और फिर परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने का बंदोबस्त करते हैं। इनमें हजारों ऐसे छात्र होते हैं तो जमीन, जेवर वगैरह गिरवी रखकर परीक्षा के लिए पैसे का इंतजाम करते हैं।पुलिस भर्ती के लिए महीनों वर्जिश करके खुद को तैयार करते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में पचास हजार पदों के लिए करीब पचास लाख युवाओं ने आवेदन किया था। हालांकि राज्य सरकार ने परीक्षार्थियों से दुबारा आवेदन शुल्क न लेने और परीक्षा के लिए राज्य परिवहन की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देने का वादा किया है। मगर नकल माफिया के सक्रिय रहते परीक्षा में पारदर्शिता का भरोसा कैसे किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि उसने अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। पुलिस भर्ती में वर्षों से चली आ रही धांधली को खत्म कर पारदर्शिता लाई गई है। मगर नकल पर नकेल कसने में वह विफल कैसे साबित हो रही है! ऐसा नहीं माना जा सकता कि परीक्षाओं को सेंधमारों से पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जा सकता। लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं ऐसे धंधबाजों की पहुंच से दूर बनी हुई हैं।उसी तरह राज्य स्तरीय और अधीनस्थ कर्मचारी चयन की परीक्षाओं को क्यों अभेद्य और पारदर्शी नहीं बनाया जा सकता। जब तक नकल माफियाओं को कानून के शिकंजे में लेकर उनके पूरे गिरोह को सलाखों के पीछे नहीं धकेला जायेगा प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले युवाओं का भविष्य अधर में ही लटका रहेगा।

# महायज्ञ एवं संत सम्मेलन से पूर्व निकली कलश यात्रा

गदरपुर( उद संवाददाता)। मन्दिर श्री ओ३म् बापू जी महाराज, कल्याण नगर गदरपुर धाम में ब्रह्मलीन महामण्डलेश्वर संत श्री सुभाष बापू जी महाराज जी के शुभ आशीर्वाद से गद्दीनशीन पूज्यनीय गुरु मां मिथलेश जी सहारनपुर वालों के पावन सानिध्य में 37 वाँ महायज्ञ एवं संत सम्मेलन 4, 5 व 6 मार्च (पुण्य स्मृति संत श्री कल्याण दास जी महाराज) के अवसर पर श्री रामचरित्र मानस जी के पाठों का शुभारम्भ किया गया।इसी शुभ अवसर महिला मण्डल द्वारा मन्दिर में



कलश यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर पंडित मनोज शर्मा द्वारा श्री रामचरित्र मानस जी के पाठों का शुभारम्भ कराया गया।इस दौरान श्री संत कल्याण दास जी सेवा समिति के पदाधिकारी बंसी गुम्बर,अशोक बांगा,कृष्णलाल अनेजा,मदन गुम्बर,किशनलाल सुधा,सतीश दुआ,संजीव झाम, शैंकी दुआ,केवल नारंग,सतीश अनेजा,सुरेंद्र गुम्बर,ओमप्रकाश डूमरा,हरीश गुम्बर,दिलसुख गुम्बर,उषा गुंबर,राधा अनेजा, सुनीता बांगा,कविता दुआ,लीना झाम,नीलू कोचर,कोमल बत्रा, बीना छाबड़ा,मंजू खुराना, कंचन अनेजा,सोनी पाल आदि सहित सैंकड़ों महिला पुरुष भक्तजन मौजूद थे।

# फुटबाल टूर्नामेंट के प्रथम लीग में दिनेशपुर ने स्वर्गफार्म को हराया

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। सुरेंद्र नगर ग्रामसभा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस फुटबॉल टूर्नामेंट का तीसरा सीजन का रविवार को शुभारंभ हुआ। प्रथम लीग मैच स्वर्ग फार्म बनाम दिनेशपुर के मध्य खेला गया जिसमें 2-1 से दिनेशपुर की टीम विजयी रही। पहला गोल दिनेशपुर की टीम से 19 मिनट में सुधन ने गोल दागा द्वितीय गोल स्वर्गफार्म की ओर से प्रथम हाफ के 29 मिनट में दागा गया। द्वितीय हाफ में धर्मा ने अपने टीम के लिए दूसरा गोल दागा जिससे दिनेशपुर की टीम विजय



रही। दिनेशपुर की टीम ने शुरुआत से हि स्वर्ग फार्म के टीम पर आक्रमकता के साथ दबाब बनाये रखा। मैच का उद्घाटन जय बाबा तारकनाथ धाम पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुमित मंडल ,सचिव सुशांत राय,रंजीत हालदार,सम्भु साना,संजीत विश्वास,परेश मंडल,राजीव मिरबर,आशीष हालदार,मिथुन मंडल के द्वारा किया गया। आयोजको ने मुख्य अथितिओ का स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया। खेल कमेटी के अध्यक्ष रजत राय,मनोज बाला,अमित राय,गौरव सरकार,रोहन हालदार और ग्राम प्रधान राजा हालदार मौजूद रहे। कॉमेंटेटर पंकज राय,जयंत मंडल,सुनील सरकार स्कोरर की भूमिका में दीपेन सेन ,समीर साना,मौजूद रहे।

# मुकद्दस रात में गुनाहों से तौबा

गदरपुर (उद संवाददाता)। शबे बरात पर मस्जिदों व कब्रिस्तान में रोशनी की गयी। मुसलमानों ने मस्जिदों में जाकर पूरी रात इबादत की तथा मुकद्दस रात में गुनाहों से तौबा की। मजरा शीला जामा मस्जिद के मौलाना महफूज आलम रिजवी ने बताया कि रविवार को मस्जिदों में रोशनी की गई शबे कद्र की रात रहमतों व बरकतों वाली रात है जो इंसान इस रात को सच्चे दिल से अपने गुनाहों की तौबा करता है उसके गुनाहों को बख्श दिया जाता है और उसकी दुआ अल्लाह ताला कबूल फरमाते हैं ईशा की नमाज के बाद कब्रिस्तान में रोशनी की गई रात भर इबादत का दौर चला मस्जिदों में नफिल व कजा नमाज अदा की गई और जगह-जगह जलसे भी हुए कब्रिस्तान में मरहूम रिश्तेदारों की कब्र पर उनकी मगफिरत की दुआ की गई इसके अलावा हववा भी तकसीम किया गया सावान माह की 14 तारीख की रात मरहूम रिश्तेदारों की मगफिरत लिए अल्लाह ताला दुआ कबूल करता है साथ ही सच्चे दिल से गुनाहों की माफी मांगने वाले को गुनाहों को बख्श दिया जाता है रात भर लोगों ने रो-रोकर अल्लाह ताला से अपने गुनाहों की तौबा की।

# चंद्रिका फौगाट नेहरू युवा केंद्र जिला सलाहकार समिति सदस्य नामित

गदरपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी चंद्रिका फोगाट द्वारा विगत 12 वर्षो से युवाओं को खेल, सामाजिक सेवा युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति व योग के प्रति युवाओं को जागरूक करने के साथ-साथ बालिकाओं को निशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी दे रही है जिसको देखते हुए केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा चंद्रिका फौगाट को युवा कार्यक्रम जिला सलाहकार समिति सदस्य नामित किया गया है। उनके सहयोगियों एवं गण मान्यों द्वारा चंद्रिका फौगाट को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राह गुजरती पत्नी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर कुछ युवको ने महिला के पति पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। विजय कुमार रस्तोगी पुत्र राम गोपाल रस्तोगी निवासी बनखडी का कहना है कि उसके घर के सामने रहने वाले युवक उसकी पत्नी को रास्ते से आते जाते वक्त छेड़ते है। कई बार मना किया गया पर वो नहीं माने। जिसके चलते 25 फरवरी की शाम जब उसने छेड़छाड़ का विरोध किया तो उन्होंने एक राय होकर उसके उपर लोहे की रॉड से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे उसके पैर में गुम चोटे आयी है। वह बड़ी मुश्किल से जान बचाकर भागा वरना उक्त लोग उसे जान से मार देते। उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी भी है।

# टेम्पो चालक पर तमंचा तान कर दी धमकी

रूद्रपुर। रूद्रपुर इंद्रा चौक से किच्छा रोड़ पर सवारी के जा रहे टेम्पो चालक पर मार्ग में बाईक सवार युवकों ने तमंचा तानकर उसे जान से मारने की धमकी दी है। लाखन पुत्र राम प्रसाद निवासी रम्पुरा वार्ड 22 का कहना है कि 25 फरवरी को दोपहर वह अपना ओटो लेकर इन्द्रा चौक से किच्छा रोड पर सवारी लेकर जा रहा था। तभी बाईक सवार मुंह पर कपड़ा बांधे कुछ युवकों ने उसका इन्द्रा चौक से लालपुर तक पीछा किया। लालपुर के पास सवारी उतारने के लिऐ ओटो रोका तो उक्त लोग घेरने लगे पर उसके ओटो में किच्छा की कुछ सवारी बैठी हुई थी तो दो युवकों ने हाथ में 315 का तंमचा दिखाते हुऐ जान से मारने की धमकी देते हुऐ चले गयें। लखन का आरोप है कि हमलावरों ने उसकी नाबालिक पुत्री को अपने प्रेम जाल में फंसा रखा है। जिसने कुछ दिनों पहले माफी मांगी थी। एक बार उसकी पुत्री को अपने साथ भागकर भी ले गया था।

# पीएम ने अपने विचारों से देशवासियों के हृदय को छूने का काम किया : धामी

## युवाओं से 'मेरा पहला वोट देश के लिये' करने का आह्वान किया

देहरादून।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रायपुर, देहरादून में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 110वें एपिसोड को विशिष्ट जनों व एकत्रित जन-समूहों के साथ सुना। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अपने ओजस्वी विचारों से देशवासियों के हृदय को छूने का कार्य किया है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री जी ने ''मेरा पहला वोट देश के लिये'' की बात कही है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड की कई विभूतियों, पर्यटक स्थलों आदि को भी मन की बात में समय-समय पर स्थान मिला है, जिसके परिणामस्वरूप हमारे लोक संगीत और हमारी लोक संस्कृति से पूरे विश्व के लोग परिचित हुए हैं। रायपुर विधान सभा क्षेत्र के चाणक्य कॉलेज परिसर गुजराड़ा मानसिंह में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद सीएम ने कहा, पीएम ने अपने विचारों से देशवासियों के हृदय को छूने का काम किया है। कहा, प्रधानमंत्री ने मन की बात में अलग-अलग तरह और विषयों को रखा। 18 साल की उम्र पूरी कर चुके युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री ने मेरा पहला वोट देश के लिए की बात कही है। निश्चित रूप से इससे नए मतदाता प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए लोगों का भरोसा



जीता है। भरोसा एक ऐसी चीज है, जो अपने आप नहीं आता, इसे कमाना पड़ता है और मोदी ने लोगों का ये भरोसा कमाया है। पीएम के नेतृत्व में सर्वांगीण और समावेशी विकास हुआ है। कहा, आज देश के अंदर 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। पीएम के नेतृत्व में एक ओर जहां भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन किया गया, वहीं दूसरी ओर वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक सहित कई अन्य परियोजनाएं पूरी की गई हैं। कार्यक्रम में विधायक उमेश शर्मा काऊ, सुरेश गड़िया, विनय रोहिला, सिद्धार्थ अग्रवाल, शशि सिंह, प्रशांत डोबाल, तुरुण धीमान, आकाश, सौरभ थपलियाल, शिवानी बंसल, शशांक गोसाईं, संजीव मल्होत्रा, सचिन बंसल, देवेंद्र पाल, किशन सिंह नेगी, उमेश अग्रवाल, शिव सिंह बिष्ट और अनुज चौधरी आदि मौजूद रहे।

# धामी ने देखी फिल्म आर्टिकल 370

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित एक मॉल में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और भ्रष्टाचार पर आधारित फिल्म आर्टिकल 370 का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को समाप्त करने तथा भ्रष्टाचार को मिटाने से संबंधित विषय पर आधारित फिल्म वहां की तात्कालिक परिस्थिति को समाज के सामने लाने का सार्थक प्रयास है। इससे निश्चित रूप से लोगों को सही जानकारी भी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को खत्म करने के बाद जम्मू कश्मीर देश की मुख्य धारा से जुड़ा है तथा विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। फिल्म में यामी गौतम के शानदार अभिनय की भी मुख्यमंत्री ने सराहना की है तथा इसे महिला सशक्तिकरण का भी बेहतर उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, अनिल नौटियाल, सुरेश गड़िया, श्रीमती सविता कपूर आदि मौजूद रहे।





# सीएम ने की जौनसार बावर भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपए देने की घोषणा

देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में जौनसार बावर सेवानिवृत कर्मचारी मण्डल द्वारा आयोजित दो दिवसीय जौनसार बावर सांस्कृतिक महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जौनसार बावर भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस भवन का उपयोग जरूरतमंद छात्रों के अध्ययन के लिये भी किया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड अध्यात्म और योग की भूमि होने के साथ-साथ संस्कृति, साहित्य और कला की भूमि भी है। उत्तराखण्ड ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर अगर कहीं





पौराणिक लोक संस्कृति को जीवित रखने और संजोए रखने का कार्य प्रमुखता से किया गया है तो वो हमारा जौनसार बावर का क्षेत्र है। इस अवसर पर विकासनगर विधायक श्री मुन्ना सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु चौहान, सेवावृत्त कर्मचारी मण्डल के अध्यक्ष श्री रणवीर सिंह तोमर, संरक्षक श्री तुलसी सिंह तोमर, उपाध्यक्ष श्री अतर सिंह, सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक श्री के.एस. चौहान समेत विभिन्न लोग मौजूद रहे।

# कई राज्यों में चल रहा करोड़ों का कारोबार

## पुलिस ने वांटेड अब्दुल मोईद की तलाश में लगायी पांच टीमें,पनाहगारों की लिस्ट तैयार

### हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाईंड अब्दुल मलिक से उत्तराखंड पुलिस ने की कड़ी पूछताछ
### सोलह दिन तक दिल्ली से गुजरात, मुंबई, चंडीगढ़ ,भोपाल से फिर दिल्ली पहुंच गया

हल्द्वानी। (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस को मास्ट वांटेड अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी कर बड़ी सफलता हासित की है। वहीं अब नैनीताल पुलिस ने मुख्य आरोपी के पुत्र वांटेड अब्दुल मोईद की तलाश में पांच टीमें लगा दी हैं। अब्दुल मलिक से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अब्दुल मोईद की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। आठ फरवरी को बनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में हिंसा भड़क गई थी। मामले में पुलिस ने तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए। इसमें हिंसा भड़काने के आरोपी अब्दुल मलिक को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है लेकिन उसका बेटा वांटेड अब्दुल मोईद अब भी पकड़ से दूर है। कई राज्यों की खाक छानने के बाद मलिक पुलिस के हत्थे चढ़ा था। पुलिस सूत्र बताते हैं कि अब्दुल मोईद के बारे में ठोस जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस ने एक ठिकाने में छापा भी मारा था पर मोईद वहां से दो घंटे पहले फरार हो गया। अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोइद को पनाह देने वालों पर कार्रवाई तय है। पुलिस ने फरारी के दौरान कई लोगों की सूची तैयार की है। इनमें से कई लोग ऊंची पहुंच वाले हैं।बनभूलपुरा उपद्रव का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक का साम्राज्य अरबों का है। मलिक के पास नैनीताल, हल्द्वानी, फरीदाबाद, गुजरात, मुंबई, चंडीगढ़ और भोपाल सहित कई जगह अरबों की संपत्ति है। कई जगह उसके करोड़ों रुपये के ठेके भी चल रहे हैं।









देशभर में मलिक के पास छुपने के कई ठिकाने हैं। अब्दुल मलिक की संपत्ति की जब प्रशासन -पुलिस ने जांच की तो पता चला कि उसका साम्राज्य बहुत बड़ा है। उत्तराखंड ही नहीं, कई राज्यों में उसकी अरबों की संपत्ति है। कई जगह उसके ठेके और अन्य काम चलते हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फरीदाबाद में उसके पास कई एकड़ जमीन और संपत्ति है। गुजरात और भोपाल में भी उसके काम चलते हैं। दिल्ली में भी उसकी संपत्ति है। चंडीगढ़ में उसके पास एक बड़ा ठेका है। इसके अलावा, यूपी में उसकी कई जगह जमीन है। देशभर में मलिक के कई जगह छिपने के ठिकाने हैं। कई दिन तक वह इन्हीं ठिकानों पर छिपा रहा। अब्दुल मलिक को दिल्ली, गुजरात, मुंबई, चंडीगढ़ और भोपाल में किसने पनाह दी। इन पनाह देने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी। इसकी तैयारी पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस के पास अभी तक दो लोगों की पुख्ता सूचना मिली है। जिन्होंने दो-दो दिन अब्दुल मलिक को अपने घर में रखा। उसे भागने के लिए गाड़ी भी उपलब्ध कराई। अब्दुल मलिक उपद्रव के दिन से ही गायब है। वह 16 दिन अलग-अलग जगह रहा। उसे देश में पनाह देने वालों की कमी नहीं रही। अब्दुल मलिक को जिसने पनाह दी उसे मालूम था कि अब्दुल मलिक मोस्ट वांटेड है। उसके जगह-जगह पोस्टर लगे थे। उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी हो चुका था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। 16 दिन बाद पुलिस अब्दुल मलिक को गिरफ्तार करने में कामयाब रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार अब्दुल मलिक से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि वह कहां-कहां रूका था। उसे भागने के लिए गाड़ी किसने उपलब्ध कराई। पूछताछ में अभी तक दो नाम सामने आए हैं। पुलिस जल्द ही इनको भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि पूछताछ चल रही है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी। जिस-जिसके नाम पनाह देने में, भागने में मदद करने में सामने आएंगे। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।हल्द्वानी में हुई हिंसा के फरार आरोपी मोस्टवांटेड अब्दुल मलिक ने पुलिस के शिकंजे से बचने के लिए दो सप्ताह से अधिक दिनों तक पुलिस की टीमों को जमकर छकाया। पुलिस से बचने के लिए अब्दुल मलिक करीब 5798 किलोमीटर भागा। वह 16 दिन में छह राज्यों में गया। देहरादून (उत्तराखंड) से दिल्ली, गुजरात, मुंबई (महाराष्ट्र), चंडीगढ़ (हरियाणा), भोपाल (मध्यप्रदेश) और फिर दिल्ली पहुंच गया। पुलिस ने शनिवार को उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। अब्दुल मलिक को पकड़ने के लिए पुलिस ने शुरू में छह टीम लगाई थीं, जो दिल्ली और पश्चिमी उत्तरप्रदेश में ही मलिक को ढूंढ़ती रहीं। मलिक जब पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा तो पुलिस ने अपने दायरे को अन्य राज्यों में फैलाया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने टीमों की संख्या घटाकर तीन कर दी। इनमें एक टीम को दिल्ली से चंडीगढ़, दूसरी टीम को गुजरात से मुंबई और तीसरी टीम को दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों की निगरानी में लगाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जैसे ही टीम अब्दुल मलिक के ठिकानों पर पहुंचती तो वह उससे पहले ही भाग निकलता। वह एक जगह एक रात से अधिक नहीं रुक रहा था। वह हर रात अपना ठिकाना बदलता रहा। किसी भी दिन वह होटल में नहीं रुका। वह लगातार अपने करीबियों या अपनी प्रापर्टी में ही रुकता था। गुजरात में वह पुलिस के हाथ आने से आधा घंटा पहले ही निकल गया था। बताया जा रहा है कि अब्दुल मलिक छह फरवरी को देहरादून में था। इसके बाद दिल्ली था। पुलिस के हिसाब से वह करीब 5798 किलोमीटर भागा। वहीं पुलिस उसके पीछे करीब 12 हजार किलोमीटर दौड़ी। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे दिल्ली से पकड़ लिया। शनिवार को अब्दुल मलिक ने तीन वकीलों के माध्यम से हल्द्वानी सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। सूत्र बताते हैं कि इस याचिका में अब्दुल मलिक का वर्तमान पता और एक दिल्ली का पता लिखा था। इस पते से ही पुलिस दिल्ली पहुंची और मलिक को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस ने अब्दुल मलिक को दिल्ली कहां से गिरफ्तार किया है अभी तक इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

## गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला कर वारंटी को छुड़ाया

काशीपुर। वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम ने पर कुछ लोगों ने हमला बोलकर वारंटी को पुलिस के कब्जे से छुड़ा लिया। पुलिस मामले में आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर हमलावरों की तलाश जुट में गई है। कुंडा थाना पुलिस के एसआई होशियार सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल मनोज जोशी, जोगेंद्र सिंह और चंद्रशेखर भट्ट ने शनिवार को वारंटियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। इसी दौरान उनकी कार ग्राम दुर्गापुर में नहर पुलिया पर पहुंची। तभी मुखबिर ने एक वारंटी के घर के बाहर होने की सूचना दी। टीम ने सूचना के आधार पर वारंटी दलीप सिंह निवासी किलावली को पकड़ लिया। उसने पुलिस से वारंट तामील नहीं किया। पुलिस से अभद्रता करते हुए वारंटी ने आवाज लगाकर अपने परिजनों को मौके पर बुला लिया। मौके पर पहुंची उसकी पत्नी कृष्णा कौर, बेटा गुरमीत सिंह, सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खू, मंगू सिंह और हरदीप सिंह निवासी ग्राम नवलपुर और तीन-चार अन्य महिलाओं ने अभद्रता कर पुलिस पर हमला कर दिया। परिजन धक्का-मुक्की करते हुए वारंटी दलीप सिंह को छुड़घ ले गए। एसपी अभय सिंह ने बताया कि वारंटी दलीप सिंह के परिजनों ने पुलिस टीम से अभद्रता करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली है। सभी आठ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही पुलिस टीम पर हमला करने वालों की धरपकड़ को पुलिस टीम उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## कलेक्ट्रेट में आम जनता के लिए ईवीएम प्रशिक्षण की व्यवस्था

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मुख्य विकास अधिकारी नोडल स्वीप मनीष कुमार के दिशा निर्देशन में जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट में आने वाली जनता को मतदान हेतु जागरूक व प्रेरित करने के लिये जिला कार्यालय प्रवेश द्वारा पर ईवीएम प्रदर्शन एवं मतदान प्रशिक्षण ईवीएम विशेषज्ञयों द्वारा दिया जा रहा है। ईवीएम विशेषज्ञ आरपी जोशी, कमल पाण्डे ने बताया कि अब तक 1676 लोगों को ईवीएम से मतदान करने का प्रशिक्षण दिया गया है। मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के विद्यालयों, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रंगोली, मेंहदी, पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिताओं के साथ ही मतदाता जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, पोस्टर, बैनर, मतदाता शपथ व अन्य माध्यमो से भी मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है।



## कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

हल्द्वानी(उद संवाददाता) लोकसभा चुनाव पास है। चुनाव से पहले भाजपा ने सदस्यता अभियान तेज कर दिया है। रविवार को हल्द्वानी में सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदयता ली। हल्द्वानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में आज भाजपा सदस्यता अभियान के संयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कई अधिवक्ताओं व सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाजपा जॉइन की।पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर सभी ने भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। सदस्यता अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

## दुर्घटना में घायल मासूम बालक की मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस केमरी रोड़ पर कार और बाईक के मध्य हुई टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए मासूम बालक की गत सायं नगर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। गौरतलब है कि इस दुर्घटना में मृतक बालक की माता की मौत हो गई थी। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। जानकारी के अनुसार गत दिवस ग्राम हुरूरी बरेली निवासी पवन अपनी पत्नी रोशनी व एक वर्षीय पुत्र के साथ बाईक पर सवार होकर आ रहा था। केमरी रोड़ पर कार की बाईक से टक्कर हो गई। जिसमें रोशनी की मौत हो गई थी जबकि शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया था । उसे नगर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी गत सायं मौत हो गई। पवन ने अज्ञात कार चालक के विरूद्ध बिलासपुर थाने में रपट दर्ज करा दी है।

## पेज एक का शेष...

**राज्यपाल के अभिभाषण के ...**विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी, जबकि एक मार्च को बजट पारित किया जाएगा। सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 90 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित बजट लाने की संभावना है। जिसमें सरकार का फोकस सशक्त उत्तराखंड का संकल्प रहेगा। इसके अलावा महिलाओं, युवाओं के लिए स्वरोजगार, किसानों के कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है।

**सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ...**बलविन्दर सिंह, जसवीर सिंह,गुरमीत सिंह, सुखचैन सिंह, जसपाल सिंह, सुखदेव सिंह, अंग्रेज सिंह, इन्द्रजीत सिंह, साहब सिंह, सुखविन्दर सिंह, जसविन्दर सिंह, सद्दाम पाशा, रंजीत सिंह, लक्की, राज, कुलवीर सिंह, दिलेर सिंह, नवाब सिंह, अवतार सिंह, तरसेम सिंह, मनदीप सिंह, सतविन्दर सिंह, सिमरन सिंह, आलमजीत सिंह, गुरमेज सिंह, सतनाम सिंह, अरविन्द सिंह , निशान सिंह, तरसेम सिंह, दानिश, चरन सिंह, अमृतपाल सिंह, गुणवंत सिंह, गुरविन्दर सिंह सहित भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

**गुलदार ने दस ...**और गुलदार के जबड़े से बच्चे को छुड़ाने का प्रयास किया। शोर सुनकर बस्ती के अन्य लोग भी वहां आ गए। जिस पर गुलदार बच्चे को छोड़कर जंगल में भाग गया। बुरी तरह घायल बच्चे को जब तक अस्पताल ले जाया जाता, उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। बस्ती में बच्चे की मौत से कोहराम मच गया। गांव के निवासियों ने बच्चे की मौत के बाद जमकर हंगामा किया। पुलिस और वन कर्मियों का घेराव करते हुए उन्होंने लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से गुलदार क्षेत्र में घूम रहा था और शिकायत के बावजूद कोई करवाई नहीं को गई। बताया कि गुलदार पिछले कुछ दिनों में पांच बार हमले का प्रयास कर चुका है। अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी से आगे सिंगली गांव से चार साल के आयांश को भी गुलदार उठाकर ले गया था। घर के पास ही उसका क्षत विक्षत शव मिला था। तब से ही क्षेत्र में वन विभाग गुलदार की तलाश कर रहा था, लेकिन उसका पता नहीं चल पा रहा था। बताया जा रहा है कि उसी गुलदार ने अब गलज्वाड़ी में बच्चे पर हमला किया।

**काशीपुर जंक्शन पर ...**सुविधाओं से लैस होने वाले काशीपुर जंक्शन की सूरत आने वाले दिनों में देखने लायक होगी। यह रेलवे स्टेशन हाईटेक सुविधाओं से पूरी तरह सुसज्जित होगा। रेल मंत्रालय द्वारा लंबी दूरी की तमाम ट्रेनों के ठहराव का खाका तैयार किया जा रहा है ताकि कुमाऊं का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले शहर को देश के महत्वपूर्ण भागों से सीधे तौर पर जोड़ा जा सके। बताया गया कि पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जत नगर मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 6 रेलवे स्टेशनों बरेली सिटी काशीपुर जंक्शन, पीलीभीत जंक्शन, टनकपुर गुरसहायगंज व कन्नौज का शिलान्यास/उद्घाटन किया गया। इसी तरह इज्जत नगर मंडल के अंतर्गत कुल 49 रोड/ ओवर ब्रिज/ अंडरपास की सौगात मिली। इस मौके पर सीनियर डीएमई/एन एच एम सौरव कुमार सिंह, ए एस टी सलिल श्रीवास्तव, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (टेलीकॉम) मनोज जंगपांगी रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर रणदीप सिंह पूर्व सांसद के सी सिंह बाबा, पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पाण्डेय, राजेश कुमार, गुंजन सुखीजा समेत बड़ी तादाद में रेलवे के अधिकारी/कर्मचारी, सुरक्षा बल के जवान एवं भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**हमला करने आये...**लगाकर बैठे गुलदार ने महिला पर हमला कर दिया। महिला ने घबराने की बजाय जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया और गुलदार पर दरांती से वार करने शुरू कर दिए। दीपा देवी ने बताया कि, गुलदार को सामने देखरकर और अचानक हमले से वह घबराई नहीं और हाथ में दरांती होने से गुलदार पर कई वार किए और शोर मचाने लगी। इससे गुलदार घबरा गया। इस बीच उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास की महिलाएं भी वहां आ गईं और शोर मचाने लगीं। इसके बाद गुलदार भाग खड़ा हुआ। दीपा देवी को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली में भर्ती कराया गया। गुलदार ने महिला के पैर पर अपने नाखूनों से हमला किया, जिससे उसका पैर पर काफी ज्यादा घाव हो गया है। वहीं इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने वन विभाग को दे दी है। ग्राम सभा मखेत की प्रधान शशि देवी ने कहा कि गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाया जाए। घटना के बाद से पूरे गांव में खौफ का माहौल है।

**प्रेम प्रसंग के चलते...**थाना अजीमनगर जिला रामपुर गये तो वहां मृतका शबाना के माता पिता तथा अन्य ग्रामवासियों व परिजनों के साथ शव को दफनाने की तैयारी कर रहे थे। जब मृतका का गला व मुंह देखा गया तो मुंह व गर्दन पर चोटों के निशान थे । मृतका शबाना के साथ मारपीट कर गला घोंटा जाना प्रतीत हो रहा था। जिस कारण शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट है कि मृतका शबाना के माता पिता द्वारा मृतका के प्रेम प्रसंग के चलते झुब्ध होकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मृतका शबाना की माता खातून जहां व पिता मौहम्मद शफी निवासी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले में मृतका शबाना के माता पिता को गिरफ्तार कर घटना कर लिया है। शाम को पुलिस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

**गैरसैण की अवहेलना...**शायद गैरसैंण में सैकड़ों करोड़ रुपया खर्च कर उन्होंने कोई भूल कर दी हो। जन भावना का सही आकलन न कर पाना भी एक भूल ही होती है। पूर्व सीएम ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार गैरसैंण की अनदेखी कर रही है और गैरसैंण को लेकर उत्तराखंड में व्याप्त चुप्पी से उन्हें अब ऐसा लगने लगा है कि गैरसैंण में यह सारे प्रयास जनभावना का सही आकलन नहीं था। यदि वास्तव में ऐसा है तो उनका यह मौन व्रत एक प्रायश्चित भी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पशुपालकों और किसानों को समृद्ध बना रही सरकार : धामी





## सीएम ने दुग्ध उत्पादन समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को शासकीय आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में अल्मोडा, चम्पावत, पिथौरागढ, ऊधमसिंह नगर, देहरादून, चमोली एवं पौड़ी के दुग्ध उत्पादन समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी मिलकर उत्तराखंड में न सिर्फ दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे बल्कि हमारे प्रदेश के गांवों में रहने वाले किसानों और दुग्ध उत्पादकों की समृद्धि भी सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे मेहनती पशुपालकों एवं किसानों की मेहनत और लगन का ही नतीजा है कि प्रदेश में जहां वर्ष 2020-21 में रोजाना लगभग एक लाख नब्बे हजार लीटर दूध का उत्पादन होता था, वहीं वर्ष 2023-24 में रोजाना लगभग दो लाख अट्ठारह हजार लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नैनीताल जिला सबसे ज्यादा दूध का उत्पादन कर रहा है अब इस पर भी शोध होना चाहिए कि आखिर नैनीताल के किसान और दुग्ध उत्पादक ऐसा क्या कर रहे हैं जिससे उनका उत्पादन अधिक है। पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिये चार धाम यात्रा मार्गों पर आंचल कैफे की शुरूआत की जाएगी इसके साथ ही शीघ्र ही प्रदेश में आंचल का शहद भी लॉन्च किया जायेगा। इस अवसर पर यूसीडीएफ के प्रशासक श्री मुकेश बोरा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों के साथ अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक निशुल्क शिविर शुरू



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग उत्तराखंड के अंतर्गत जिला आयुर्वेदिक अधिकारी नैनीताल डॉक्टर महेन्द्र सिंह गुंजियाल जी के निर्देशन में 25 से 28 फरवरी तक आयोजित (3 दिवासीय) आयुष्कामिय (आयुर्वेदिक एवं होमिोपैथिक)निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन राम लीला मैदान ऊंचापुल हल्द्वानी में किया गया। आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक चिकिसा शिविर का शुभारम्भ माननीय विधयाक कालाडूंगी विधान सभा छेत्र श्री बंशीधर भगत एवं माननीय जिला पंचयात अध्यक्षा नैनीताल श्रीमत्ती बेला तौलिया ने संयुक्त रूप से किया। चिकित्सा शिवर में निवर्तमान पार्षद श्री प्रमोंद पंत द्वारा विशेष शहयोग प्रदान किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय आयुष मिशन नैनीताल ने बताया चिकित्सा शिविर में प्रथम दिन 450से अधिक मरीजों का आयुर्वेदिक एवं होमिोपैथिक की विभिन्न चिकत्सा पद्धतियो न्यूरोपैथी, अग्निकर्म, मर्म चिकत्सा,पंचकर्म चिकित्सा ,योग द्वारा ब्लड प्रेशर,मधुमेह,वात रोग,उदर रोग, जोड़ो के रोग,त्वचा रोग का इलाज किया गया। चिकित्सा शिविर में डा जगदीश सती डा एन एस काला, डा योगेंद्र सिंह ,डा राजेश त्रिपाठी,डा विजय सक्सेना,डा पूनम जंगपांगी,डा बबिता धपोला, डा दीपा भट्ट ,डा सुरुचि सिंह,डा सीपाल,डा राजकुमार चीफ फार्मेसिष्ट श्रीमती रेनू रावत , चीफ फार्मासिस्ट श्री प्रताप सिंह मेहरा, वरिष्ठ प्रशाशनिक आधिकारी श्री गोविंद सिंह मेहरा, श्री हरेंद्र जेडा, श्री बिपिन किमोठी, श्री गोपाल चिलवाल धीरू मेहरा, संजीत आदि उपस्थित रहे।

## जेसीआई रूद्रपुर क्वीन के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर रोड़ स्थित एक होटल में जेसीआई रूद्रपुर क्वीन के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गयी। वर्ष 2024 के लिए जेसी अनुराधा जैन लोहिया को अध्यक्ष जेसी आस्था अग्रवाल को महामंत्री, जेसी इंशा कुमार को कोषाध्यक्ष पद की शपथ जोन से आये जोनल वाईस प्रेसीडेंट जेसी कपिल अग्रवाल द्वारा दिलायी गई। सर्वप्रथम वर्ष 2023 में चैप्टर द्वारा किए गये कार्यकमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सबने नट-वृद्धा नामक कार्यक्रम जो बीते दिसंबर माह में किया गया था उसकी प्रशंसा की। अध्यक्ष पद की शपथ लेने के पश्चात अनुराधा जैन ने कहा कि एक बार फिर से कुछ नया करने का अवसर जे सी आई इंडिया ने उन्हें दिया है वह उसे जरूर पूरा करेंगी। उन्होंने सभी सदस्यों को साथ लेकर कुछ नया करने का वादा भी किया। कार्यक्रम का मंच संचालन जेसी शालिनी अग्रवाल द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण करने वाले सदस्यों में जेसी संजू जैन ,स्वाति मिड्डा,स्वाति जैन ,रीना गोयल, शालिनी अग्रवाल ,रुचि खंडेलवाल ,नीरू खन्ना ,पूजा छाबड़ा, सोनिया नगपाल,प्रीति जैन,दिव्या गुप्ता,अनिशा बेहड़,किर्ती,सारिका मुंजाल ,दीप्ति, सोहनेल तुलसियान,रेनू जैन इत्यादि ने सदस्यता की शपथ ग्रहण की है।

## समाजसेवी अमरनाथ चुघ का निधन



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। फुलसुंगी निवासी समाजसेवी अमरनाथ चुघ का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार आज प्रात: फुलसुंगी स्थित मोक्ष धाम में किया गया। स्वर्गीय अमरनाथ चुघ युवा व्यापारी सुनील चुघ और राजन चुघ के पिताजी थे और व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा और सचिन छाबड़ा के मामा थे ।परिजनों ने बताया कि गत दिवस अचानक उनका स्वास्थ्य खराब हो गया और उनका निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। शोक जताने वालों में भारत भूषण चुघ, सुशील गाबा, गौरव बेहड, संजय ठुकराल, वरुण मुंजाल, सचिन कुमार, वंशीधर कुमार, रमेश कालड़ा, चिराग कालड़ा, हरविंदर सिंह चुघ, सोम मुंजाल, रोशन अरोड़ा, अशोक कालड़ा, गुलशन कुमार, राकेश कालड़ा, श्रवण कुमार, गुलशन अरोड़ा, सुरेश नरूला, धर्मपाल कालरा, अशोक मुंजाल, दीपक अरोड़ा, श्रवण कालरा, रोहित गुंबर ,राहुल छाबड़ा, गुलशन पंडित , हरीश गुंबर, तरुण दत्ता, आशीष छावड़ा , प्रभाष स्वर्णकार, मनीष चुघ, अभिनव छाबड़ा, मनोज छाबड़ा, सचिन छाबड़ा समेत तमाम लोग शामिल थे।

